**भारत सरकार**
**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2281**
**09.12.2019 को उत्तर के लिए**

**प्लास्टिक पर लगे प्रतिबंध को**
**लागू न किया जाना**

**2281. श्री संजय सिंह :**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) प्लास्टिक पर लगे प्रतिबंध को लागू नहीं करने के क्या कारण हैं;
(ख) विगत दस वर्षों के दौरान भारत में राज्य-वार कितनी बार प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाए गए हैं;
(ग) प्रतिबंध की अवधि के दौरान लगाए जुर्मानों के वर्ष तथा उनकी संख्या सहित जुर्मानों का ब्यौरा क्या है; और
(घ) प्लास्टिक पर लगे प्रतिबंध के न्यायसंगत कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने संबंधी योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

**<u>उत्तर</u>**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री बाबुल सुप्रियो)**

(क) से (घ) केन्द्रीय सरकार ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 अधिसूचित किए हैं जिनमें, अन्य बातों के साथ-साथ, पैकेजिंग या रैपिंग के लिए प्लास्टिक शीट सहित प्लास्टिक कैरी बैग के विनिर्माण, बिक्री, वितरण और उपयोग को विनियमित किया जाता है। पालीइथीलीन कैरी बैग सहित 50 माइक्रोन से कम मोटाई के प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग करना भी निषिद्ध है। इसके अतिरिक्त, गुटखा, तम्बाकू और पान मसाला के भण्डारण, पैकिंग या बिक्री के लिए प्लास्टिक सामग्री से बने सैशे का उपयोग करना निषिद्ध है।

अनेक राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों ने अपनी स्वयं की अधिसूचनाओं के माध्यम से प्लास्टिक कैरी बैगों / एकल प्रयोग के प्लास्टिक के उपयोग पर आंशिक या पूर्ण निषेध लगा दिया है। 23 राज्यों और 9 संघ राज्य क्षेत्रों ने प्लास्टिक कैरी बैगों और / अथवा अन्य प्लास्टिक एकल-प्रयोग की प्लास्टिक वस्तुओं पर प्रतिबंध लगाने संबंधी विनियम लागू करते हुए अधिसूचनाएं / आदेश जारी किए हैं। प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने से संबंधित राज्य-वार सूची **अनुबंध क** के रूप में संलग्न है।

21 राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों ने अपने संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में चूककर्ताओं पर दण्ड लगाए है, नोटिस जारी किए हैं और बंद करने के निदेश जारी किए हैं तथा सामग्री जब्त की है।

*******

**अनुबंध क**

**<u>वर्ष 2022 तक एकल प्रयोग वाले प्लास्टिक उत्पादों के निर्माण, उपयोग, बिक्री, आयात और हथालन पर प्रतिबंध लगाने संबंधी अधिसूचना</u>**

**(एसपीसीबी / पीसीसी द्‌वारा प्रस्तुत वार्षिक रिपोर्ट के आंकड़ों के आधार पर)**

| **क्र.सं.** | **राज्य / संघ राज्य क्षेत्र का नाम** | **पूर्ण या आंशिक प्रतिबंध** | **राजपत्र या कार्यकारी आदेश की तारीख** | **अभ्युक्तियां** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **अंडमान और निकोबार द्‌वीप समूह** | पूर्ण प्रतिबंध | 02/08/2010 **(राजपत्र)** | प्लास्टिक कैरी बैग के विनिर्माण, भण्डारण, आयात, वितरण, परिवहन, पुनर्चक्रण, बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध। |
| 2 | आंध्र प्रदेश | प्रतिबंधित नहीं है | उपलब्ध नहीं है | प्रतिबंधित नहीं है |
| 3 | **अरुणाचल प्रदेश** | पूर्ण प्रतिबंध | 03.07.2012 **(कार्यकारी आदेश)** | पॉलिथीन / प्लास्टिक कैरी बैग के विनिर्माण, स्टोर, आयात, परिवहन, बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध |
| 4 | **असम** | पूर्ण प्रतिबंध | 30/04/2019 **(राजपत्र)** | थर्मोकॉल से बनी उपरोक्त वस्तुओं सहित प्लास्टिक कैरी बैग, बैनर, बंटिंग, कप, क्लिंग फिल्म, फ्लेक्स, फ्लैग, प्लेट, शीट (मोटाई पर ध्यान दिए बिना डाइनिंग टेबल पर बिछाने के लिए प्रयुक्त) और प्लास्टिक, जिसमें प्लास्टिक माइक्रो बीड का प्रयोग किया जाता है। |
| 5 | **बिहार** | पूर्ण प्रतिबंध | 11/12/2018 **(राजपत्र)** | प्लास्टिक कैरी बैग के विनिर्माण, भण्डारण, आयात, परिवहन, बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध। |
| 6 | **चंडीगढ़** | पूर्ण प्रतिबंध | 30/07/2008 **(राजपत्र)** | प्लास्टिक कैरी बैग के विनिर्माण, भण्डारण, आयात, बिक्री, उपयोग, परिवहन, और निपटान पर पूर्ण प्रतिबंध। |
| 7 | **छत्तीसगढ़** | पूर्ण प्रतिबंध | 24/12/2014 **(राजपत्र)** | पॉलिथीन / प्लास्टिक कैरी बैग के विनिर्माण, भण्डारण, आयात, परिवहन, पुनर्चक्रण, बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध |
| 8 और 9 | **दमन दीव और दादरा नगर हवेली** | पूर्ण प्रतिबंध | 24.01.2014 और 22.09.2017 **(राजपत्र)** | सभी प्रकार के प्लास्टिक बैग के उपयोग, बिक्री / भंडारण को वर्जित करना |
| 10 | **दिल्ली** | पूर्ण प्रतिबंध | 23/10/2012 **(राजपत्र)** | प्लास्टिक उत्पादों (पॉली प्रोपलीन गैर-वूवेन फैब्रिक प्रकार के कैरी बैग), मैगजीन और इन्विटेशन/ग्रीटिंग कार्ड सहित किसी पुस्तक को पैक या कवर करने के लिए प्लास्टिक फिल्म या प्लास्टिक ट्यूब |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 11 | गोवा | **आंशिक प्रतिबंध** | 16/03/2015 | सरकार ने मण्डी वन्यजीव अभयारण्य के चोरला घाट क्षेत्र में प्लास्टिक (कैरी बैग, कप, फोर्क, पेपर प्लेट, चम्मच) के विनिर्माण, भण्डारण, आयात, परिवहन, पुनर्चक्रण, विक्रय और उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। |
| 12 | गुजरात | **आंशिक प्रतिबंध** | 28.06.2011 **(राजपत्र)** | गांधी नगर में प्लास्टिक उत्पादों पर पूर्ण प्रतिबंध |
| 13 | **हरियाणा** | पूर्ण प्रतिबंध | 20/08/2013 **(राजपत्र)** | प्लास्टिक (खाद्य सामग्री के लिए उपयोग हेतु कैरी बैग, कप, फोर्क, पेपर प्लेट, स्ट्रॉ, स्पून, और कन्टेनर) के विनिर्माण, भण्डारण, आयात, ढुलाई, पुनर्चक्रण, बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध |
| 14 | **हिमाचल प्रदेश** | पूर्ण प्रतिबंध | 07/07/2009 और 13.08.2009 **(राजपत्र)** | कैरी बैग (आकार पर ध्यान दिए बिना), पॉलिथीन, गैर-जैवअवक्रमणीय सामग्री, डिस्पोजेबल प्लास्टिक के कप, प्लेट और ग्लास के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध |
| 15 और 16 | **जम्मू और कश्मीर और लद्दाख** | पूर्ण प्रतिबंध | 18/06/2008 **(राजपत्र) / अधिसूचना दिनांक 26.03.2019** | प्लास्टिक कैरी बैग तथा डिस्पोजेबल प्लेट, डिस्पोजेबल कप और टम्बलर, डिस्पोजेबल स्पून, फोर्क और नाइफ के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध |
| 17 | **झारखंड** | पूर्ण प्रतिबंध | 17/10/2017 **(राजपत्र)** | पूरे राज्य में प्लास्टिक कैरी बैग के विनिर्माण, आयात, भण्डारण, ढुलाई, बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध |
| 18 | **कर्नाटक** | पूर्ण प्रतिबंध | 11/03/2016 **(राजपत्र)** | राज्य सरकार ने संपूर्ण राज्य में प्लास्टिक बैनर, बंटिंग, कैरी बैग (प्लास्टिक और कम्पोस्टेबल), कप, क्लिंग फिल्म, फ्लेक्स, फ्लैग, प्लेट, प्लास्टिक या थर्माकॉल से बने स्पून और शीट तथा माइक्रोबीड्स के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। |
| 19 | केरल | **आंशिक प्रतिबंध** | 22/11/2010 **(कार्यकारी आदेश)** | तीर्थयात्रा के मौसम के दौरान तिरुवन्तपुरम , कन्नूर और कोट्टयम जिले में प्लास्टिक कैरी बैग पर पूर्ण प्रतिबंध |
| 20 | **लक्षद्वीप** | पूर्ण प्रतिबंध | 25/01/2019 **(राजपत्र)** | सभी प्रकार की मोटाई के प्लास्टिक कैरी बैग, प्लास्टिक कोटेड कैरी बैग, प्लास्टिक फ्लैग, रैपिंग के लिए प्रयुक्त प्लास्टिक शीट / फिल्म, डाइनिंग टेबल कवर के रूप में प्रयुक्त प्लास्टिक शीट, थर्मोकॉल कप और प्लेट, प्लास्टिक कोटिड पेपर कप और प्लेट, प्लास्टिक टी-कप, प्लास्टिक टम्बलर, प्लास्टिक टी-कप, वाटर पाउच/पैकेट/पीईटी प्लास्टिक वाटर बॉटल, स्ट्रा पर पूर्ण प्रतिबंध |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 21 | **मध्य प्रदेश** | पूर्ण प्रतिबंध | 24.05.2017 **(राजपत्र)** | प्लास्टिक कैरी बैग के उत्पादन, भंडारण, ढुलाई, बिक्री और उपयोग |
| 22 | **महाराष्ट्र** | पूर्ण प्रतिबंध | 23.03.2018 **(राजपत्र)** संशोधन 11 अप्रैल,2018 | प्लास्टिक और कंपोस्टेबल बैग तथा प्लास्टिक और थर्मोकॉल (पॉलीस्टीरीन) से विनिर्मित डिस्पोजेबल उत्पाद - डिस्पोजेबल डिश / चम्मच, कप बाऊल, कंटेनर, फोर्क, प्लेट, स्ट्रा, नॉन-वूवन पॉलीप्रोपाइलीन बैग, कप / पाउच के विनिर्माण, उपयोग, बिक्री, भण्डारण, ढुलाई, वितरण, थोक बिक्री और खुदरा बिक्री तथा आयात पर सम्पूर्ण राज्य में पूर्ण प्रतिबंध |
| 23 | मणिपुर | प्रतिबंधित नहीं है | उपलब्ध नहीं है | प्रतिबंधित नहीं है |
| 24 | मेघालय | प्रतिबंधित नहीं है | उपलब्ध नहीं है | प्रतिबंधित नहीं है |
| 25 | मिजोरम | प्रतिबंधित नहीं है | उपलब्ध नहीं है | प्रतिबंधित नहीं है |
| 26 | **नगालैंड** | पूर्ण प्रतिबंध | 01.01.2004 **(राजपत्र)** | कैरी बैग के उपयोग, भण्डारण और बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध |
| 27 | ओडिशा | **आंशिक प्रतिबंध** | 29/09/2018 **(कार्यकारी आदेश)** | भुवनेश्वर, बरहामपुर, कटक, पुरी , राउरकेला और संबलपुर में प्लास्टिक कैरी बैग, थर्माकोल (पॉलीस्टरीन), डिश / चम्मच, कप, बाउल, कंटेनर, फोर्क, ग्लास और प्लेट पर पूर्ण प्रतिबंध |
| 28 | **पुडुचेरी** | पूर्ण प्रतिबंध | 30/07/2019 | (i) पॉलिथीन / प्लास्टिक / पॉलीप्रोपाइलीन कैरी बैग; (ii) पॉलिथीन / प्लास्टिक / स्टायरोफोम (थर्मोकोल) कप; (iii) पॉलिथीन / प्लास्टिक / स्टायरोफोम (थर्मोकोल) प्लेट; (iv) पकाए गए भोजन को रखने के लिए प्रयुक्त प्लास्टिक शीट पाउच; (v) डाइनिंग टेबल पर बिछाने के लिए प्रयुक्त प्लास्टिक शीट; (vi) पानी के पाउच; (vii) प्लास्टिक स्ट्रा; (viii) प्लास्टिक का फ्लैग |
| 29 | **पंजाब** | पूर्ण प्रतिबंध | 18/02/2016 **(राजपत्र)** | प्लास्टिक कैरी बैग के विनिर्माण, भण्डारण, वितरण, पुनर्चक्रण, बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध |
| 30 | **राजस्थान** | पूर्ण प्रतिबंध | 01/08/2010 **(राजपत्र)** | प्लास्टिक कैरी बैग के उपयोग, भण्डारण और बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध |
| 31 | **सिक्किम** | पूर्ण प्रतिबंध | 19/05/2016 **(राजपत्र)** | स्टायरोफोम से बनी डिस्पोजेबल वस्तुओं (कप, प्लेट, चम्मच, कंटेनर, आदि) की बिक्री, उपयोग और भण्डारण पर पूर्ण प्रतिबंध। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 32 | **तमिलनाडु** | पूर्ण प्रतिबंध | 01/01/2019 **(राजपत्र)** | ''एकल प्रयोग के प्लास्टिक'' अर्थात प्लास्टिक कैरीबैग, फ्लैग, भोजन को पैक करने के लिए प्रयुक्त शीट, स्ट्रा, टी कप, टम्बलर, वाटर पैकेट और पाऊच के विनिर्माण बिक्री, उपयोग, भण्डारण, ढुलाई और वितरण पर पूर्ण प्रतिबंध |
| 33 | तेलंगाना | प्रतिबंधित नहीं है | उपलब्ध नहीं है | प्रतिबंधित नहीं है |
| 34 | **त्रिपुरा** | पूर्ण प्रतिबंध | 10/03/2015 **(राजपत्र)** | प्लास्टिक कैरी बैग (पॉलीप्रोपाइलीन, गैर-ओवेन फैब्रिक किस्म सहित), मैगजीन और इन्विटेशन/ग्रीटिंग कार्ड सहित किसी पुस्तक को पैक या कवर करने के लिए प्लास्टिक ट्यूब की बिक्री, उपयोग, भण्डारण, परिवहन और आयात पर पूर्ण प्रतिबंध |
| 35 | **उत्तर प्रदेश** | पूर्ण प्रतिबंध | 22/12/2015 **(राजपत्र)** | प्लास्टिक कैरी बैग (पॉलीप्रोपाइलीन, गैर वूवन फैब्रिक किस्म सहित), मैगजीन और इन्विटेशन / ग्रीटिंग कार्ड सहित किसी पुस्तक को पैक या कवर करने के लिए प्लास्टिक ट्यूब की बिक्री, उपयोग, भण्डारण, ढुलाई और आयात |
| 36 | **उत्तराखंड** | पूर्ण प्रतिबंध | 01/01/2017 **(राजपत्र)** | प्लास्टिक कैरी बैग की बिक्री, उपयोग, भंडारण और ढुलाई |
| 37 | पश्चिम बंगाल | **आंशिक प्रतिबंध** | **11/01/2018 (कार्यकारी आदेश)** | धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों में पूर्णत: प्रतिबंध। |

*****